भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2179
गुरूवार, 16 दिसम्बर, 2021/25 अग्रहायण, 1943 (शक)

बेरोजगारी दर

2179. श्री श्वेत मलिकः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंजाब राज्य में 2017 और 2021 के बीच स्कूली शिक्षा पूरी करने वाले लोगों की बेरोजगारी दर का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) पंजाब राज्य में 2017 और 2021 के बीच कॉलेज की शिक्षा पूरी करने वाले लोगों की बेरोजगारी दर का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) एवं (ख): 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 की वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब राज्य में 2017 एवं 2021 के मध्य स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा पूर्ण करने वाले लोगों की (सामान्य स्थिति आधार पर आयु 15 वर्ष एवं उससे अधिक) की बेरोजगारी दर का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

****

अनुबंध

राज्य सभा के दिनांक 16.12.2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2179 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार पंजाब में सामान्य स्थिति आधार दृष्टिकोण के अनुसार, विभिन्न सामान्य शिक्षा स्तर के 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर का ब्यौरा

(% में)

वर्ष	माध्यमिक व उससे अधिक	उच्चतर माध्यमिक	डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	स्नातक	स्नातकोत्तर व उससे अधिक	सभी
2017-18	**11.4**	**12.6**	**20.0**	**13.1**	**18.4**	**7.7**
2018-19	**11.2**	**14.3**	**17.0**	**17.3**	**16.6**	**7.4**
2019-20	**11.7**	**15.8**	**16.4**	**14.5**	**14.1**	**7.3**

स्रोत: वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट, 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20; सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय।